शारदा कन्या छात्रावास में लैंगिक समानता विषय पर कार्यक्रम

सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश के शारदा कन्या छात्रावास में स्पर्श समिति द्वारा दिनांक २८-०३-२०२३ को लैंगिक समानता विषय पर कार्यक्रम तैयारियां हुईं | जिसमे भोजन कक्ष की दीवार को सजाना था | शाम ६:४५ पर छात्राएं भोजन कक्ष में अपने अपने चित्रों के साथ प्रस्तुत थीं | जिनके साथ कुछ अन्य छात्राएं भी उनकी मदद के लिए आयीं थीं | सभी ने दीवार का चयन करने के पश्चात् उस पर काला चार्ट लगाकर उसके ऊपर अपने अपने चित्र लगा दिए थे, साथ ही आखरी समयावधि पूर्ण होने से पहले अपने नाम भी चार्ट पर लिखकर भोजन कक्ष की कुर्शियों और मेज़ों को कार्यक्रम के अनुरूप व्यवस्थित करने का कार्य कुछ छात्राओं ने बखूभी किया, इसी के साथ कुछ छात्राओं ने छायाचित्रण का भी कार्य किया जो कि आरती एवं अदिति रहीं।

७:०० बजे छात्रावास की मुख्य प्रबंधक प्रीती सिंह के साथ सहायक प्रोफेसर गीतांजलि उपाध्याय का आगमन प्रांगण में होता है। दोनों ने सहायक प्रबंधक प्रीती राजपूत से मिलकर भोजन कक्ष में प्रवेश करते हुए छात्राओं से वार्तालाप किया और अपना अपना स्थान ग्रहण करते हुए कार्यक्रम को प्रारम्भ करने की स्वीकृति दी। कार्यक्रम की नीव सहायक प्रोफेसर गीतांजलि उपाध्याय के भाषण से रखी गयी जिसमे उन्होंने बहुत सुन्दर कथन के साथ अपनी बात रखी कि ये हम समाज के शिक्षित वर्ग का कर्त्तव्य है कि समाज के उस अशिक्षित वर्ग को जागरूक करे जो आज भी लैंगिक असमानता को महत्व देता है यह हमारा सामाजिक कर्त्तव्य है , इसी कार्यक्रम को आगे लेकर जाते हुए छात्रावास कि छात्रा सुरभि दिवाकर ने अंग्रेजी माध्यम से भाषण देते हुए यह सन्देश दिया कि यह हमारा कर्त्तव्य है कि हम समझ में लैंगिक असमानता का भाव न पनपने दें, इसी क्रम में छात्रावास कि मुख्य प्रबंधक प्रीती सिंह ने कवियित्री अनामिका कि कविता के कुछ छंदों कि व्याख्या करते हुए कहा कि स्त्री कमज़ोर नहीं है वह भी पुरुषों के सामान कार्य करने में सक्षम है, इसी कथन को आगे बढ़ाते हुए छात्रावास कि छात्रा निहारिका सिंह ने स्वरचित काव्य पाठ किया जिसमे उन्होंने लैंगिक समानता पर पंक्तियाँ कही। चार्ट बनाने वाली छात्राएं - अवनी प्रिया, सुरभि दिवाकर, निहारिका शेखावत, अक्षिता, मुस्कान, रक्षा और निहारिका सिंह। सहायता करने के लिए आगे आने वाली छात्राएं - साक्षी, सोनाक्षी। छायाचित्रण - आरती श्रीनाथ एवं अदित | कार्यक्रम प्रबंधन (छात्रा) - अवनी प्रिया। प्रतिवेदन कार्य - निहारिका सिंह

स्पर्श समिति द्वारा

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय